पोषण के प्रचार-प्रसार को जागरूकता रैली आज

Tue, 16 Oct 2018

सही खानपान एवं पोषण के प्रचार-प्रसार व जागरूकता की ओर ध्यान आकृष्ट करने हेतु एफएसएसएआइ द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर साइकिल रैली के माध्यम से स्वस्थ भारत यात्रा

खूंटी : सही खानपान एवं पोषण के प्रचार-प्रसार व जागरूकता की ओर ध्यान आकृष्ट करने हेतु एफएसएसएआइ द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर साइकिल रैली के माध्यम से स्वस्थ भारत यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत नेशन वाइड साइकिल रैली के सदस्यों का बुधवार को खूंटी में भव्य स्वागत किया जाएगा। गुरुवार को प्रात: 9-00 बजे से कचहरी मैदान से नेताजी चौक होते हुए नगर भवन तक प्रभातफेरी कार्यक्रम के साथ जागरूता रैली निकाली जाएगी। साथ ही नगर भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेला में आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य मिशन एवं पोषण कार्यक्रम विषय पर परिचर्चा की जाएगी। 19 अक्टूबर को साइ¨क्लग डे फ्लैग ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नेशन वाइड साइकिल रैली के सदस्यों का पश्चिम ¨सहभूम जिले के सीमाना तक प्रस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सदर अस्पताल खूंटी में नेशन वाइड साइकिल रैली के सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। मुरहू में मुरहू थाना के समीप प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नेशन वाइड साइकिल रैली के सदस्यों का स्वागत करेंगे। वहां सदस्यों को पश्चिम ¨सहभूम जिले के बंदगांव के सीमाना तक प्रस्थान कराया जाएगा।